## सार-समाचार

### सीवरेज घरेलू कनेक्शन के सही उपयोग से होगी परियोजना सफल

**रतनगढ़** (निसं)। आरयूआईडीपी के अधिक्षण अभियन्ता राकेश शरण गर्ग के निर्देशन में व सहायक अभियन्ता सुरेन्द्र पाल सिंह के मार्गदर्शन में मोहल्ले में छोटे-छोटे समूह बैठक आयोजित कर परियोजना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम मे वार्ड नं. 27 के दारूगरिया मौहल्ले में समूह बैठक आयोजित कर जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड ने बताया कि आपके वार्ड में सीवरेज घरेलू कनेक्शन का कार्य पुर्ण हो गया है। अब आम जन का परियोजना को सफल बनाने हेतु परियोजना के लाभ एवं उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया की स्नानघर व रसोई में जाली नहीं लगाने से सीवरेज लाईन में कपड़ा व अन्य ठोस वस्तु जाकर सीवरेज लाईन अवरुद्ध हो जाती है इसलिए जाली जरूर लगाए व चैम्बर के ढकन खोलकर वर्षा का पानी न डाले क्योंकि इस पानी के साथ कंकड़ मिट्टी, पानी की बोतल से सीवरेज लाईन चोक हो जाती है। समूह बैठक में सभी को बताया गया की कोई घर सीवरेज कनेक्शन से वचिंत नहीं रहना चाहिए, समुदाय को परियोजना का पुरा लेना का अहवान किया गया।कनेक्शन से जुडने के बाद न तो कुई खाली करनी पड़ रही ओर स्वछता मे बेहतर बदलाव आ रहा है।सभी से निवेदन किया गया की परियोजना को सफल बनाने के लिए समुदाय का योगदान होना आवश्यक है आज बैठक में मोहम्मद अब्बास गौरी, इस्माइल, गुलाब नबी मोहम्मद आयुब, मोहम्मद, अबास सहित मोहल्ले के लोगों ने भाग लिया

### कांस्य पदक विजेता सरोज का चूरू पहुंचने पर स्वागत किया

**चूरू** (निसं)। उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ में सरोज कंवर ने कांस्य पदक प्राप्त कर जिले में परचम लहराया। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय के जासासर निवासी सरोज का शुक्रवार शाम अपने गृह जिले चूरू पहुंचने पर रेलवे स्टेशन व जिला स्टेडियम में सरोज का भव्य स्वागत किया। इस दौरान शारीरिक शिक्षक शीशुपाल बुडानिया के नेतृत्व में सरोज का माल्यार्पण कर व पुष्प गुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, वीर तेजा विकास समिति चूरू व जासासर के पूर्व सरपंच रामप्रताप सैनी, सूबेदार उम्मेद सिंह, एडवोकेट प्रताप सिंह बीदावत, कान सिंह, दलीप सिंह, योगेश सारण, भींवाराम सारण, विशाल सिंह राठौड़, प्रताप सिंह राठौड़, पूर्व सरपंच बलवीर सिंह राठौड़, सरपंच संदीप वर्मा, रतन सिंह राठौड़, राम सिंह, गोगराज सैनी, गोपीचंद सारण, महताब सिंह, रणजीत सारण, गिरधारी सारण, श्रवण सुथार, केसाराम प्रजापत, बीरबल सोनी, सीताराम सुथार, ओंकारमल सैनी, गिरधारी सैनी, मानाराम, भगीरथ सेन, जगदीश शर्मा, पवन शर्मा, अमरचंद सुथार, महावीर सिंह, इंद्रसिंह, जुगल सिंह, उगम सिंह राठौड, रेवंतराम सैनी, महिपाल सारण सहित बडी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने सरोज का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिशुपाल बुडानिया ने किया।

### जलसा-ए-दस्तारबंदी कार्यक्रम

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के निजाम चौक में शुक्रवार की रात्रि को जदीद मदरसा इस्लामिया के तत्वावधान में जलसा-ए-दस्तारबंदी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की सदारत जमियत उलमा-ए-राजस्थान के सदर कारी मोहम्मद आमीन ने की। इस दौरान मदरसे में तालीम हासिल करके हाफिजे कुरआन बनने पर बिहार निवासी रहबर आलम की दस्तारबंदी हुई। जलसे का आगाज तिलावटे कुरआन पाक के साथ किया गया। कार्यक्रम में मेहमाने खुशुशी के तौर पर पोकरण के मुफ्ती अब्दुल सलाम कासमी, सरदारशहर के मौलाना शकील कासमी, मुफ्ती मोहम्मद सईद कासमी, मौलाना अरशद कासमी, मौलाना अयूब कासमी, मौलाना अब्दुल अहद कासमी ने शिरकत की। अतिथियों का इस्तकबाल मदरसा कमेटी के सदस्यों ने किया। इस मौके पर शहर काजी हाफिज मोहम्मद सरीफ, सदर ईकबाल भुट्टा, कारी अमीरूदीन, अमीर हसन टेलर, हाफिज मोहम्मद रमजान, अफजल हुसैन सलामपुरिया सहित सैंकडों लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मंच संचालन मौलाना अरशद और मौलाना फजलूदीन ने किया।

### धनतेरस पर लोगों ने जमकर खरीददारी की

**बीदासर** (निसं)। कस्बे में दीपावली पर्व को लेकर शनिवार को धनतेरस को बाजारों में अच्छी चहल पहल देखी गई। कई दिनों से ग्राहकों का इंतजार कर रहे दुकानदारों के चेहरों पर भी रौनक दिखाई दी। दीपावली को लेकर खरीदारों की भीड़ से कस्बे के बाजारों में रौनक छा गई। धनतेरस को लेकर शनिवार को स्वर्ण आभूषणों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ नजर आयी। वहीं प्रजापति मार्केट व चोटिया मार्केट में रेडीमेंट कपड़ों, जूते-चप्पलों, बर्तनों, चूडी व साज-सजा के सामान तथा इलेक्ट्रोनिक सामान की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। दीपावली पर्व को लेकर दिनभर ग्रामीण क्षेत्र व कस्बे से लोग के खरीददारी करने के लिए बाजारों में पहुंचने से मंडी बाजार से हाई स्कूल रोड तक दुकानों पर ग्राहक खरीददारी करने में व्यस्त रहे। वहीं घरों व दुकानों में दीपावली पर्व को लेकर रंग-बिरंगी लाइटों से सजावट की गई। वहीं पुलिस प्रशासन ने भीड़भाड़ वाले बाजारों में यातायात व्यवस्था में बदलाव कर तीन दिनों के लिए बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित किया है तथा कई व्यस्तम मार्गों पर एक तरफा यातायात व्यवस्था की गई है।

### जांगिड़ को नगर मंत्री की जिम्मेदारी

**रतनगढ़** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रतनगढ़ इकाई द्वारा शनिवार को नगर अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया जिसमें जिला भाग संयोजक विशाल स्वामी ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि नगर अध्यक्ष शिक्षक गोविंद कुमार बारूपाल , नगर मंत्री मोहित जांगिड, नगर सह मंत्री प्रतीक महर्षि व वीर प्रताप सिंह नगर उपाध्यक्ष के रूप में विवेकानंद रैगर व जतिन महर्षि नगर कोषाध्यक्ष भरत सारस्वत नगर मेडिवीजन प्रमुख कार्तिक कालवा, नगर एसएफएस संयोजक अभिषेक सेवदा एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में करण जोशी, विनय कुमार आदि को दायित्व दिया गया है। इस अवसर पर राजकीय जालान महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष कृष्णा जांगिड़ इकाई सचिव अनुज पारीक, मोहित शर्मा, गौतम सैनी, करण शर्मा, दीप सिंह, मोनू सैनी, लक्की सैनी, दीनदयाल रैगर सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 'शहीदों की स्मृतियां हमें प्रेरणा देती है'

**पाटन** (निसं)। करगिल शहीद नागरमल सैनी की स्मृति में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम खादरा में हुआ। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी सहित कई प्रतिष्ठित लोगों ने शिरकत की।अमर शहीद कि स्मृति में आयोजित बालीवाल प्रतियोगिता में भाजपा नेत्री एवं भाजपा राजस्थान सैनिक प्रकोष्ठ की प्रदेश ससंयोजक वीरांगना कविता सामोता ने शहीद की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया और कार्यक्रम का शुभारंभ किया, साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ियों से शिष्टाचार भेंट कर सभी को शुभकामनाएं और बधाई दी।कार्यक्रम में वीर परिवार भी शामिल हुआ उसे वीरांगना कविता सामोता ने उनसे मुलाकात कर देश सेवा के उनके योगदान के लिए उनका अभिनंदन किया।

### आयुष बसेरा ने कांस्य पदक जीता

**झुंझुनूं**, (निसं)। 44वीं नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप देहरादून उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय प्रतिस्पर्धा में चैम्पियंस स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी मंडावा मोड़ झुंझुनूं के शूटर आयुष बसेरा ने कांस्य पदक हासिल कर राजस्थान का नाम रोशन किया है। एकेडमी के निदेशक अमन चौधरी ने बताया कि यह राष्ट्रीय स्तरीय प्रतिस्पर्धा 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक देहरादून उत्तराखंड में आयोजित हुई। जिसमें सभी राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। एकेडमी के कोच सुशील व विकास के सानिध्य में 36 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें आयुष बसेरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान के लिए कांस्य पदक जीता। जिससे एकेडमी में उत्साह व हर्ष का माहौल रहा।

### विद्यालय में दीपोत्सव पर्व मनाया

**चूरू** (निसं)। स्थानीय जैन श्वेताम्बर तेरापंथी उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को दीपोत्सव पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारिणी सदस्य अजय शर्मा ने की। दीपोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगोली सजाई, दीपक जलाकर व फुलझड़ी चलाकर दीपोत्सव पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद जांगिड़, प्रेम सिंह राठौड़, जगदीश धुंआ, विजय कुमार ने सभी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रोशनी करते समय बच्चे पूरी सावधानी बरतें। इस अवसर पर देवकन्या, अरुणा बीका, भंवरी देवी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा के राज में विकास कार्यों की गंगा बहाई जा रही है : सहारण

**चूरू** (निसं)। ग्राम पंचायत लालासर व भामासी में शनिवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। विधायक हरलाल सहारण ने शिविर का निरीक्षण किया। विधायक ने आमजन को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभविन्त किया।

इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने गांवों में विभिन्न योजनाओं के विकास कार्यों को प्राथमिकता से किया है। घर-घर और ढ़ाणी-ढ़ाणी में बिजली पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। भाजपा के राज में विकास कार्यों की गंगा

**■ शिविर में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया**



ग्राम पंचायत लालासर व भामासी में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

बहाई जा रही है। सरकार ने राज्य के हर व्यक्ति को लाभाविन्त करने का काम किया है और आगे भी करती रहेगी। पिछली कांग्रेस सरकार ने अपने राज में जनता को लूटने का काम किया है, लेकिन भाजपा सरकार विभिन्न योजनाओं से जन-जन को लाभ देने का कार्य कर रही है।

इस अवसर पर उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचन्द राहड व सुनील ढ़ाका ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर तहसीलदार अशोक गोरा, गिरदावर ओमप्रकाश न्यौल, बीरबल सिंह, वरिष्ठ सहायक धीरसिंह, सरपंच गोपालराम कस्वां, बेगराज, मूलाराम कस्वां, गोरधन व शिशपाल सिंह आदि मौजूद थे। इस अवसर पर 10 ग्रामीणों के खाता विभाजन व 145 जनों के खातों के नामों में शुद्धिकरण कर ग्रामीणों को लाभविन्त किया। भामासी ग्राम पंचायत में किसानों को सरसों के बीज का वितरण, पशु बीमा, खाता विभाजन, शुद्धिकरण, हेल्थ किट आदि कार्य करवाए गए। इस अवसर पर भामासी सरपंच कृष्णा देवी, राकेश भाम्भू, पूर्व सरपंच रामेश्वर लाल भाम्भू, पंचायत समिति सदस्य दयाराम आदि उपस्थित थे।

### भागवत कथा का अनूठा आयोजन

**झुंझुनूं**, (निसं)। अब तक भागवत कथाओं में सिर्फ प्रवचन, झांकियां और भजनों के साथ-साथ प्रसाद का कार्यक्रम होता था। लेकिन जिला मुख्यालय पर दिवाली के बाद 24 अक्टूबर से एक अनूठी भागवत कथा का आयोजन प्रसिद्ध भागवत मर्मज्ञ हरिशरण जी महाराज के सानिध्य में होगा। जिसमें सात दिनों की भागवत कथा के दौरान छह दिनों तक ना केवल सामाजिक सरोकार से जुडे कार्यक्रम होंगे। बल्कि भागवत कथा के दौरान भी प्रश्नोत्तरी होगी। खुद हरिशरण जी महाराज अपने श्रीमुख से सुनाई गई भागवत कथा और अन्य धार्मिक इतिहास से जुडे प्रश्नों को पूछेंगे। जिनके सही जवाब देने वाले धर्मप्रेमियों को पुरस्कृत करेंगे। श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के तत्वावधान और श्री केशरदेव देवकीनंदन तुलस्यान परिवार की ओर से आयोजित होने वाली इस भागवत कथा की जानकारी देते हुए समाजसेवी भामाशाह डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि यह आयोजन 24 अक्टूबर से शुरू होगा।



**चूरू जिला मुख्यालय पर तीन दिवसीय दीपोत्सव पर्व के दौरान शनिवार को धनतेरस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां बाजारों में जमकर धन बरसा। लोगों ने धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर जमकर खरीदारी की और बाजारों में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। यहां महिलाओं और पुरुषों की काफी भीड दिखाई दी। शनिवार को बर्तनों और झाडू की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ दिखाई दी। इसके साथ-साथ पटाखे, दीपक, कपड़े, गहनें, इलेक्ट्रोनिक्स, ऑटोमोबाइल की दुकानों पर भी काफी भीड़ रही। वहीं धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर दुपहिया व चार पहिया वाहनों की भी जमकर खरीदारी हुई। वहीं महिलाओं ने घर की सजावट के लिए रंगोली, फैंसी लाइट, दीपक मोमबत्तियां सहित खाद्य सामग्री की खरीदारी की।**

## चूरू में धन्वतरी हर्षोल्लास से जयन्ती मनाई



चूरू में भगवान धन्वंतरी जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

**चूरू** (निसं)। नई सड़क स्थित भगवती एजेन्सीज में शनिवार को भगवान धन्वंतरी जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैद्य रेवंतीरमण शर्मा ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ पवन कुमार दाधीच ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर वैद्य गोविन्द प्रसाद, राजेश कुमार, अशोक कुमार दाधीच, गोपाल, सत्यनारायण कानोडिया, शरद कुमार, महेश स्वामी, बाबू जोशी, कीर्ति, माधवी आदि ने भगवान धन्वतरी की पूजा अर्चना कर अंचल में सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये वैद्य गौरव व पार्थ ने कहा कि भगवान धन्वतरी आयुर्वेद के जनक थे। हमें इनके बताये हुये मार्ग पर चलना चाहिये। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने भगवान धन्वतरी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किये। इस मौके पर विकास सैनी, मिठुलाल ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। रामप्रसाद, कन्हैयालाल व आनन्द शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### 10 दिवसीय अमृता हाट फैमिली फेयर का समापन

**झुंझुनूं**, (निसं)। शहीद परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित 10 दिवसीय अमृता हाट एवं फैमिली फेयर का भव्य समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू रहे। इस दौरान मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर राजीविका एक्सप्रेस व्हीकल को सिंघाना के राजिविका समूह को भेंट किया गया। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि इस 10 दिवसीय मेले में 116 स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया और कुल बिक्री लगभग सवा करोड रुपए रही। जिले में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अब कृषि यंत्रों के साथ राजीविका एक्सप्रेस के जरिए अनुदानित दर पर कमर्शियल व्हीकल उपलब्ध करवाया। इससे महिला स्वयं सहायता समूह अपनी आजीविका को और बढ़ा सकेंगे। विधायक भांबू ने कहा कि यह मेले न केवल महिलाओं को सशक्त बनाने में मददगार है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के मूल मंत्र को भी मजबूती देता है।

# दीपावली पर युवा जन जागृति समिति ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**पाटन** (निसं)। दीपों के पर्व दीपावली पर जहां एक ओर लोग आतिशबाजी और रोशनी से जश्न मना रहे हैं, वहीं युवा जन जागृति समिति ने पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश करते हुए 100 पौधे वितरित कर दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम की अगुवाई समिति के अध्यक्ष डॉ. दिलीप यादव ने की। समिति के सदस्यों ने रायपुर-पाटन क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पौधों का वितरण किया और स्थानीय लोगों को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर डॉ. यादव ने कहा, दीपावली हमारे देश का सबसे बडा त्योहार है, लेकिन आजकल छोटे बच्चे और युवा वर्ग पटाखों का अत्यधिक प्रयोग कर रहे हैं जिससे वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है। इसे रोकने के लिए हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक होना होगा।

इसी उद्देश्य से हमने पौधारोपण का संकल्प लेते हुए 100 पौधे वितरित किए हैं।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को पौधों की देखभाल और उन्हें बड़ा करने की शपथ दिलाई गई। समिति का यह प्रयास न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देता है बल्कि समाज में एक सकारात्मक पहल की मिसाल भी कायम करता है।

इस मौके पर समिति के प्रमुख सदस्य दिलीप सैनी, पूरणमल यादव, इरफान खान, हरिराम सैनी, सागरमल यादव, कालूराम धोलीवाल, रुपाराम सैनी, सुरेंद्र यादव, मनीष टेलर, मुकेश महारानियां, अजीत सिंह, तथा उप सरपंच राजू सैनी समेत रायपुर-पाटन और आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।



**जागृति समिति ने पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश करते हुए 100 पौधे वितरित कर दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया।**

## सार-समाचार

### 'समस्त प्राणियों के दुखों के नाश की इच्छा ही आयुर्वेद की मूल भावना'

**झुंझुनूं**, (निसं)। श्री दादूद्वारा बगड़ में धन्वंतरि जयंती व औषधालय स्थापना दिवस पर हुआ विधिवत पूजन हवन, आयुर्वेद का उद्देश्य है व्यक्ति को पूर्ण रूप से स्वस्थ बनाना। दीपोत्सव पर्व के शुभ अवसर पर धनतेरस पर नगर के मुख्य बाजार स्थित श्रीदादूद्वारा में वैद्य श्री आत्माराम स्वामी धर्मार्थ आयुर्वेदिक औषधालय का 29वां स्थापना दिवस आरोग्य देव भगवान धन्वंतरि की जयंती विधिवत पूजन व हवन के साथ श्रद्धा-भक्ति से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन परम पूज्य महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी अर्जुन दास जी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महामण्डलेश्वर महाराजश्री ने कहा आयुर्वेद का लक्ष्य केवल रोग का निवारण करना नहीं, बल्कि व्यक्ति को तन व मन दोनों से स्वस्थ बनाकर स्व में स्थित करना है। महर्षि चरक ने भगवान धन्वंतरि की भावना को प्रकट करते हुए लिखा है न राज्यं न स्वर्गं न पुनर्भवम्। केवलं दुःखानाम् नाशम् इच्छामि। अर्थात वे मोक्ष या राज्य नहीं, अपितु समस्त प्राणियों के दुःखों के नाश की इच्छा रखते थे। यही आयुर्वेद की मूल भावना है। आयुर्वेद न केवल रोग के उपचार में सहायक है, बल्कि इसके माध्यम से जीवन की समग्र व्यवस्था-आहार, विहार, दिनचर्या, रात्रिचर्या और ऋतुचर्या के नियमों द्वारा निरंतर स्वास्थ्य की रक्षा संभव है। आचार्य वैद्य सचिदानंद ओझा ने विधिवत पूजा करवाई। इस अवसर पर श्रीदादू द्वारा के सर्वाधिकारी शिष्य रोहित स्वामी, आशीषदास स्वामी सहित नगर के अनेक श्रद्धालु व गणमान्यजन उपस्थित रहे। इनमें व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह शेखावत, वीरेंद्र सिंह शेखावत, मुकेश कासिमपुरिया, इंद्रप्रकाश लाटा, जितेंद्र उदयसिंह शेखावत, मुकेश कुमावत, सतीश माहेश्वरी, कन्हैयालाल सहल, प्रकाश माहेश्वरी, सुभाष राठौड, लाखन सेन, सुरेश सैनी, विष्णु शर्मा, पीयूष खटोड, मानसिंह शेखावत आदि मौजूद थे।

### 985 किलो खाद्य तेल सीज किया

**सीकर**, (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से दीपावली को देखते हुए शुरू किए गए विशेष खाद्य वस्तुओं के निरीक्षण अभियान के तहत प्रतिदिन मिलावटखौरों पर कार्रवाई की जा रही है। विभाग की टीम ने शुक्रवार को सीकर शहर में कार्रवाई की और 985 लीटर खाद्य तेल को सीज किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा व खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ टी शुभमंगला के निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरूवार को विभाग के जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूलसिंह बाजिया, महमूद अली, नंदराम मीणा, सुरेश कुमार शर्मा तथा बाट व माप विभाग के प्रवर्तन अधिकारी सुनीता वर्मा, जयराम गुर्जर, योगेश कुमार ने अलग अलग टीम बनाकर सीकर शहर में खाद्य वस्तुओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। एफएसओ महमूद अली ने बताया कि रोयल ट्रेडिंग कम्पनी सीकर के यहां मूंगफली व सरसों के तेल के नमूने लिए गए तथा मिलावट की आशंका पर 632 किलो तेल को सीज किया गया। वहीं एमडी उद्योग सीकर के यहां से भी मूंगफली व सरसों तेल का सैम्पल लिया गया और मिलावट की आशंका पर 253 किलो तेल सीज किया गया। सभी सैम्पलों को जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जयपुर भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। एफएसओ फूलसिंह बाजिया ने बताया कि खाद्य वस्तुओं के प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान व्यापारियों को आमजन को शुद्ध व ताजा तथा बिना मिलावट के खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए पाबंद किया गया। वहीं मांग के अनुसार खाद्य वस्तुओं का निर्माण करने और खाद्य वस्तुओं पर बनाने की तिथि तथा एक्सपायर तिथि अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जाएगी।

### दीपावली पर सफाईकर्मियों व पालिका कर्मचारियों का सम्मान किया

**बीदासर** (निसं)। दीपावली पर्व पर नगरपालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया के सौजन्य से शनिवार की देर शाम एसआर कंट्रक्शन कंपनी के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व खनिज राज्य मंत्री खेमाराम मेघवाल की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें पालिका के सफाई कर्मियों, कार्यालय कार्मिकों और मीडिया कर्मियों सहित सैकड़ों लोगों का सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी प्रभुसिंह आसरासर ने कहां कि बीदासर पालिकाध्यक्ष ने अभिनव प्रयोग करके सफाईकर्मियों और अन्य कार्मिकों का जो सम्मान किया है वो काबिले तारीफ है, ऐसी परंपरा अन्य जगहों पर देखने को नहीं मिलती। इनका ये कदम सराहनीय है। पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहां कि बीदासर पालिकाध्यक्ष सीताराम भोभरिया के कार्यकाल के दौरान कस्बे में विकास के नए आयाम स्थापित हुए है। बीदासर जैसी साफ-सफाई और बिजली व्यवस्था पूरे जिलेभर में नहीं है। वहीं समारोह में भाजपा नेता अखाराम जाखड़, पूर्व पालिकाध्यक्ष हुकमीचंद गुसाईंवाल सहित अनेक लोगों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य सोहन लोहमरोड, भाजपा नेता प्रहलाद जाखड़, जगदीश प्रसाद स्वामी, दीपाराम सारण, देवीसिंह तेहनदेसर, पार्षद बाबूलाल करड़वाल, पार्षद मांगीलाल छापोला, पूर्व पार्षद विमल टेलर, हुकमीचंद सिंघी, बाबूलाल गुसाईंवाल सहित सैंकडों लोग मौजूद रहे।

### जिले के विद्यार्थियों ने पांच दिवसीय भ्रमण कर सीकर पहुंचा दल

**सीकर** (निसं)। सीकर जिले से प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत अध्यनरत कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थियों के लिए राजस्थान दर्शन शैक्षिक एवं सांस्कृतिक यात्रा के लिए 24 विद्यार्थियो का दल शुक्रवार को सालासर मंदिर में धोक लगाकर सीकर पहुंच गया। इससे पहले विद्यार्थियों ने तनोट माता, लोंगेवाला, भादरिया पुस्तकालय, वॉर म्यूजियम, कोलायत, देशनोक, लालगढ किला, जैसलमेर किला, तेजाजी की जनस्थली खरनाल, खीचन गांव, ऐतिहासिक स्थलों को विद्यार्थियों ने नजदीक से देखा। वॉर म्यूज़ियम और लोंगेवाला देखकर विद्यार्थियों ने नजदीक से जाना के हमारी सेवा ने किस तरह से युद्ध में पाकिस्तान को धूल चटाई और सैनिकों के रहने के बंकर देखकर रोमांचित हुए। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक सुरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में भ्रमण के महत्व पर पहले विद्यार्थी निबंध लिखते थे, लेकिन अब राज्य सरकार द्वारा बजट में निर्धारित घोषणा के तहत साक्षात उन सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का दर्शन भी करते हैं। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक सज्जन सिंह ने विद्यार्थियों के दल प्रभारी से प्रतिवेदन के बारे में विस्तार से चर्चा का उनकों बधाई दी।

### जेल में फैंकी गई अवैध निषिद्ध सामग्री, मामला दर्ज

**सादुलपुर**, (निसं)। उपकारा गृह राजगढ (जेल) में अवैध रूप से अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेंकी गई एक सफेद थैली में निषिद्ध सामग्री बरामद की गई है। शनिवार शाम छः बजे मिली जानकारी के अनुसार थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि मामले में चौथमल यादव (32) निवासी मनोहरपुर तहसील शाहपुरा जिला जयपुर हाल प्रहरी उपकारागृह राजगढ ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उप कारा गृह राजगढ में 17 अक्टूबर 2025 को उपकारा गृह राजगढ में बाहर पीछे मेनवाल पर राकेश कुमार सिटी कांस्टेबल ड्यूटी पर थे। तथा उपकारागृह राजगढ (जेल) में फेंकी गई निषिद्ध सामग्री के बारे में राकेश कुमार ने बताया कि जिस व्यक्ति ने पीछे से जेल में निषिद्ध सामग्री फेंकी है उसको वह पहचानता है, वह संदीप सोनी है, जो पूर्व में जेल में निरुद्ध रहा है तथा राकेश कुमार ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कार्यालय को अवगत करवाया ओर बताया कि निषिद्ध सामग्री फेकने वाला संदीप सोनी है। सूचना पर जेल स्टाफ ने जेल की तलासी ली। तलाशी के दौरान अंदर सेल्स वार्ड की छत पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेंकी गई एक सफेद थैली में निषिद्ध सामग्री बरामद हुई है जिसके सूचना उच्च अधिकारियों को देकर आदेश अनुसार जांच के लिए मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू कर दी है।

### पुलिस ने ढूंढ निकाले 35 लाख के 122 मोबाइल

**चूरू** (निसं)। धनतेरस के दिन चूरू पुलिस ने 122 लोगों को तोहफा देते हुए उनके खोए हुए मोबाइल सही सलामत सुपुर्द किए। एसपी जय यादव ने अपने हाथों से मोबाइल के वास्तविक मालिक को उसका मोबाइल देकर कहा कि आज त्यौहार के मौके पर पुलिस की तरफ से यह अनूठी सौगात है। वहीं महंगे दामों के मोबाइल सही सलामत वापस मिलने पर प्रभावित लोगों के चेहरों पर मुस्कान तैर गई। एसपी यादव ने बताया कि मोबाइल गुम होने की शिकायत पर ट्रेस करते हुए जिला पुलिस ने करीब एक माह तक विशेष अभियान चलाया और आईटी की मदद से 35 लाख की लागत के 122 मोबाइल सेट ढूंढ निकाले। चूरू पुलिस आमजन के लिए हमेशा तत्पर रही है।

